* S B - 0 1 0 4 / 2 3 0 0 *

SB-0104

Second Year B. A. Examination

March / April – 2011

Hindi (Comp.)

Time : **3** Hours] [Total Marks : **70**

सूचना :

નીચે દર્શાવેલ ☛ નિશાનીવાળી વિગતો ઉત્તરવહી પર અવશ્ય લખવી.
Fillup strictly the details of ☛ signs on your answer book.

Name of the Examination :
☛ **S. Y. B. A.**

Name of the Subject :
☛ **Hindi (Comp.)**

☛ Subject Code No. : **0 1 0 4** ☛ Section No. (1, 2,.....) : **Nil**

Seat No. :

Student's Signature

१ एक सामाजिक उपन्यास के रूप में 'निर्मला' उपन्यास का मूल्यांकन कीजिए। १२

अथवा

१ ''निर्मला' उपन्यास एक अभागिन नारी के जीवन की अत्यंत करुण कहानी है।'' निर्मला के चरित्र के माध्यम से इस विधान की पुष्टि कीजिए। १२

२ ममता का चरित्र–चित्रण कीजिए। १२

अथवा

२ ''आधुनिक जीवन की उदासी, अकेलापन, ऊब आदि का अंकन करने में उन्होंने गहरे यर्थाथबोध का परिचय दिया है।'' 'वापसी' कहानी के आधार पर समीक्षा कीजिए। १२

३ (अ) टिप्पणीयाँ लिखिए : ८

(१) 'निर्मला' उपन्यास का शीर्षक

अथवा

(१) मुंशी तोताराम

(२) 'अपना पराया' कहानी का सार

अथवा

(२) 'परीक्षा' कहानी का उद्देश्य

(आ) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : ८

(१) आजकल जो यह महारानी इतनी खुश दिखायी देती है, इसका रहस्य अब समझ में आया।

अथवा

(१) बाधाओं पर विजय पाना और अवसर देखकर काम करना ही मनुष्य का कर्तव्य है। भाग्य के नाम पर रोने-कोसने से क्या होगा?

(२) आप साधु हैं, आपको दुनियादारी समझ में नहीं आती। दरख्वास्तें पेपरवेट से नहीं दबती।

अथवा

(२) क्या जाने हमारे धर को बुलावा आएगा या नहीं? देवरजी को मरे पच्चीस बरस हो गये, उसके बाद से तो कोई सम्बन्ध ही नहीं रखा। रखे भी कौन? यह काम तो मरदों का होता है, मैं तो मरदवाली होकरभी बेमरद की हूँ।

४ संज्ञा की परिभाषा देते हुए संज्ञा के भेदोंपभेदों का परिचय दीजिए। १५

अथवा

४ शब्द की परिभाषा देते हुए उसके भेदों की चर्चा कीजिए। १५

५ (अ) निम्न लिखित अंग्रेजी अथवा गुजराती परिच्छेद का हिन्दी में अनुवाद कीजिए। १०

If it is better to save life than to destory it, then love and honour should be given to those patient-scientific investigators whose studies have shown how to lessen human suffering and prevent the spread of fatal diseases. Before a disease can be prevented it must be understood, there must be knowledge of its nature and mode of transmission, if a sure remedy is to be found and that knowledge is obtained by the man of science, whose work meets with little encouragement either officialy or publicly and is usually without reward.

(અ) સમય સાથે તો આપણો સંબંધ વિચિત્ર અને ન સમજી શકાય એવો છે. અમુક માણસોને કાયમ સમયની ખેંચ રહે છે, જ્યારે બીજાને તે કેમ પસાર કરવો તે પ્રશ્ન હોય છે. અમુકને સમય મળતો નથી, જ્યારે અમુકને સમય જતો નથી. સમય પસાર કરવા તેઓ પ્રવાસ કરે છે, પત્તા રમે છે, જાત જાતના નુસખાઓ કરે છે, પણ સમય દર વખતે મોઢું ફાડીને તેમની સામે ઊભો જ હોય છે એટલે પ્રવાસ કરીને તેઓ વધુ થાકે છે.

(आ) निम्नांकित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए: ५

(१) पेड में चीडीयाँ बैठी हैं।

(२) बरफ बहुत ठंडा होता हैं।

(३) महाभारत सब से श्रेष्ठत्तम ग्रंथ हैं।

(४) घोड़े की टाँग पतली होती हैं।

(५) यह पुस्तक में अनेक कविता हैं।